आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 27.06.2024 **समय : 02.10pm**

राष्ट्रपति संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि जम्मू–कश्मीर ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतदान कर देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। संसद की संयुक्त बैठक में आज अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले चार दशकों से कश्मीर में शटडाउन और हड़तालों के बीच कम मतदान हुआ और देश के दुश्मनों ने इसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर की राय के रूप में प्रचारित किया। लेकिन इस बार कश्मीर घाटी ने ऐसी सभी ताकतों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि देश में छह दशकों के बाद पूर्ण बहुमत वाली एक स्थिर सरकार बनी है और लोग जानते हैं कि केवल यही सरकार उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है। राष्ट्रपति ने कहा कि नई सरकार आगामी संसद सत्र में अपना पहला आम बजट पेश करने जा रही है। जो इसकी दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा और सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि दस साल में देश 11वें स्थान से उठकर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत ने महामारी और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संघर्ष के बावजूद यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है। पेपर लीक पर बात करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार दोषियों को दंडित करने और मामले की जांच के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार ने परीक्षाओं में अनियमितता की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए एक कानून भी पारित किया है।

भोजशाला

धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का हाईकोर्ट के निर्देश पर आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया द्वारा वैज्ञानिक सर्वे का कार्य लगातार किया जा रहा है। सर्वे का आज 98 वां दिन है। आज सर्वे दल में 7 अधिकारी और 37 मजदूर हैं । अब तक उत्खनन में बड़ी संख्या में मूर्तियां, खंबे, शिलालेख, सिक्के, दीवार, नक्काशी वाले पत्थरों के अवशेष आदि अनेक पुरातात्विक महत्व की चीजे मिली है। न्यायालय के आदेश से यह सर्वे 22 मार्च से निरंतर जारी है। भारतीय पुरातत्व विभाग को दो जुलाई को अपनी रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करना है इस पर 4 जुलाई को सुनवाई होना है।

दस्तक

प्रदेश में इन दिनों दस्तक अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां जारी है। छतरपुर जिले में यह अभियान 27 अगस्त तक चलाया जाएगा। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने स्वास्थ्य विभाग को दस्तक अभियान को प्रभावी बनाने के लिये निर्देश दिए हैं। अभियान में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के मैदान स्तरीय अमला भी घर–घर जाकर 6 माह से 5 वर्ष उम्र के बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और जरुरत अनुसार उपचार किया जा रहा है। सतना जिले में 5 वर्ष की आयु के बच्चों को बाल्यकालीन बीमारियों के साथ दस्त और निमोनिया की रोकथाम के लिए घर–घर दस्तक देने के लिए 401 दल बनाए गए हैं एक महीने तक चलने वाले अभियान में स्वास्थ्य विभाग में सतना और मैहर जिले को मिलाकर 2 लाख 82950 बच्चों को स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा है।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों आंधी और बारिश का दौर चल रहा है। कल रात भी भोपाल और विदिशा में गरज–चमक के साथ तेज बारिश हुई। एक घंटे की मूसलाधार बारिश में विदिशा में

कई इलाकों में पानी भर गया। आज भी 6 जिलों में आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है। इनमें भोपाल, गुना, अशोकनगर, विदिशा और नर्मदापुरम जिले शामिल हैं। इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन समेत प्रदेश के कई जिलों में भी आंधी और गरज–चमक की स्थिति बनी रहेगी। इससे पहले गल ग्वालियर में 1.8 इंच और धार में पौन इंच पानी गिर गया। वहीं, सीधी, उमरिया, बैतूल, गुना, रतलाम और उज्जैन में भी हल्की बारिश हुई। जबकि दूसरी ओर, निवाड़ी का पृथ्वीपुर सबसे गर्म रहा। यहां पारा 43.5 डिग्री दर्ज किया गया। छतरपुर के बिजावर, दमोह और ग्वालियर में तापमान 40 डिग्री के पार रहा।

टी20 क्रिकेट विश्व कप- सेमीफाइनल

दक्षिण अफ्रीका आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के फायनल में पहुंच गया है। आज त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल में उसने अफगानिस्तान को 9 विकेट से हरा दिया।

दूसरे सेमीफाइनल में भारत आज शाम गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा है। यह मैच रात 8 बजे शुरू होगा। विश्वकप का फाइनल मुकाबला शनिवार को बारबाडोस के कैंसिंग्टन ओवल में खेला जा;sxkA

समाचार संक्षेप

- गुना में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार आज जनपद पंचायत बमोरी में बाल अधिकार उल्लंघन के विषय में शिकायतों की सुनवाई हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- आगरमालवा में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किये गये ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के समापन मौके पर जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ–साथ हमे जीवन में अनुशासन सिखाता है।
- बैतूल में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी आठनेर द्वारा प्रदर्शन योजना के तहत किसानों को वितरित किए गए हाईब्रिड मक्का बीज के अंकुरित नहीं होने के मामले को गंभीरता से लेकर कलेक्टर ने बीज माफिया के खिलाफ धारा 420 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।
- नर्मदापुरम जिले में कल अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नेहरू पार्क के सामने किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्परिणामों से जनसामान्य को अवगत कराया गया है।
- शिवपुरी जिले के सुरवाया थानांतर्गत ग्राम चुर और केंदवाया के बीच जंगल की जमीन पर अतिक्रमण और खेती करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जमीन के लिए हुए इस खूनी संघर्ष में 30 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से 36 लोगों के खिलाफ प्रकरण कायम किया है।